प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 27.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य में शहर की सरकार का फैसला आज, 48 नगर निकायों में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू।**
2. **विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन आज राज्य के बजट पर जारी रहेगी बहस, विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर होगी चर्चा।**
3. **जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा–2025 के लिए आयु सीमा की गणना में किया बदलाव, आवेदन की तिथि भी बढ़ायी।**
4. **रांची में आज किसान उत्पादक संगठनों की राज्यस्तरीय कार्यशाला, किसानों की आय दोगुनी करने पर होगा मंथन।**
5. **टी–20 विश्वकप के सुपर–8 के मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रनों से दी शिकस्त, सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बरकरार।**

****

झारखंड के 48 नगर निकायों के लिए आज सुबह 8 बजे से सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच वोटों की गिनती शुरू हो गई है। राज्यभर के 1309 टेबल पर मतपत्रों की गिनती की जा रही है, जिसके परिणाम दोपहर तक आने की उम्मीद है। चुनाव में 9 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायतों के उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होना है। रांची में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सुकरहुटू केंद्र में मतगणना हो रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी ने मतगणना केंद्र के 500 गज के दायरे में धारा 163 लागू कर दी है। केंद्र के भीतर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बिना अनुमति प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

****

उधर, पाकुड़ में बाजार समिति प्रांगण में नगर निकाय चुनाव की मतगणना चल रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला गया और 42 टेबल पर वोटों की गिनती जारी है।

****

विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन आज 1 लाख 58 हजार करोड़ के वार्षिक बजट पर चर्चा जारी रहेगी। सदन की कार्यवाही के दौरान आज विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर विस्तार से बहस होगी और इन्हें पारित कराया जायेगा। इससे पहले प्रश्नकाल में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे भी सदस्यों द्वारा उठाए जाएंगे।

****

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य महिला–नेतृत्व वाले विकास पर है। नई दिल्ली में एक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया और पीएम स्वनिधि जैसी कई सरकारी पहल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार की पहल शी–बॉक्स का भी जिक्र किया।

****

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने **एनसीईआरटी** की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गहरा खेद व्यक्त किया है। कल जमशेदपुर दौरे पर उन्होंने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और इसका सम्मान सर्वोपरि है। सरकार ने मामले का संज्ञान लेते हुए विवादित पुस्तक की सभी प्रतियों को तत्काल बाजार से वापस मंगाने का निर्देश जारी कर दिया है।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा परीक्षा–2025 के उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने 103 पदों के लिए अधिकतम उम्र सीमा की गणना अब 1 अगस्त 2022 से करने का निर्णय लिया है। साथ ही, आवेदन की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी नौ मार्च तक आवेदन कर सकेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में साल भर में 52 सुधार करने के संकल्प के तहत आज दो और बड़े बदलावों की घोषणा की। नई दिल्ली में उन्होंने तीसरी बड़ी सुधार पहल, रेल प्रौद्योगिकी नीति का अनावरण किया। श्री वैष्णव ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य रेलवे के कामकाज में अत्याधुनिक तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाना है, जिससे सफर अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनेगा।

****

रांची में आज किसान उत्पादक संगठनों, एफपीओ की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा एफपीओ को सशक्त बनाने और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने की जानकारी दी जाएगी।

****

राज्य में आज से फिर गर्मी का असर तेज होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान 29 से 34 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 12 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

****

चेन्नई में आईसीसी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 मुकाबले में कल भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से हरा दिया। पहले बल्लेलबाजी करते हुए भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन के लक्ष्य के जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 6 विकेट पर 184 रन पर सिमट गयी। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक 97 रन बनाए। भारत के अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने नाबाद 50, तिलक वर्मा ने नाबाद 44 और अभिषेक शर्मा ने 55 रन की पारी खेली। हार्दिक पंड्या को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ भारत ने सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बरकरार रखी है।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जमशेदपुर दौरे की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने राष्ट्रपति के हवाले से लिखा है– प्रकृति और मानवता का अद्भुत संगम है जगन्नाथ संस्कृति।

हिन्दुस्तान ने झारखंड के 48 नगर निकायों में आज होने वाली मतगणना की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

दैनिक जागरण लिखता है – नगर की सरकार, किसके सिर ताज, फैसला आज।

प्रभात खबर ने चतरा में हुए एयर एम्बुलेंस हादसे पर लिखा है– सरकार से एमओयू के बावजूद वसूल लिये निजी बुकिंग के पैसे।

********समाप्त********